# सचिव से तंग सरपंच ने की त्यागपत्र की पेशकश

## अमरपुर पंचायत सचिव की निष्क्रिय कार्यप्रणाली से पंचायत के रुके विकास कार्य को लेकर सरपंच ने जिपं सीईओ से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। अमरपुर पंचायत सचिव की निष्क्रिय कार्यप्रणाली से पंचायत के रुके विकास कार्य को लेकर सरपंच ने जिला पंचायत सीईओ से न्याय की गुहार लगाई है। सचिव से तंग सरपंच ने त्यागपत्र की पेशकश की है।**



मामला जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरपुर का है। सचिव की निष्क्रिय कार्यप्रणाली से पंचायत के रुके विकास कार्य को लेकर सरपंच ने जिला पंचायत सीईओ से न्याय की गुहार लगाई है। जिला पंचायत सीईओ को 18 जून 2026 को दिए आवेदन में ग्राम पंचायत अमरपुर के सरपंच बीरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा है कि हाल ही में सीधी जिले में ग्राम पंचायत सचिवों का थोक में स्थानांतरण हुआ है। उनके द्वारा अमरपुर के सचिव को स्थानांतरित करने के लिए पूर्व में आवेदन दिया गया था। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित सरपंच ने कहा है कि सचिव के कार्य व्यवहार से वह पूरी तरह से त्रस्त हैं। सचिव की मनमानी से सरपंच के रूप में उनका कार्यकाल साढ़े तीन वर्ष बीतने के बाद भी सही तरीके से कार्य नहीं हो रहा है। जो भी निर्माण कार्य ग्राम पंचायत में हुए हैं वह आधे-अधूरे हैं। आम जन तक समग्र पेंशन के साथ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं।

### शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं हो रही प्रभावित

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र अमरपुर में शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं सचिव की मनमानी से पूरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। बताया गया है कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जो भी योजनाएं आती हैं उनका लाभ मनमानी तरीके से देने की औपचारिकताएं होती हैं।

### वर्षों से अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ सचिव को हटाने की मांग

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम पंचायत क्षेत्र अमरपुर में सचिव को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस वजह से सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों को कोई प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। सचिव द्वारा स्वेच्छाचारिता पूर्ण तरीके से कार्य किया जा रहा है। सचिव की तलाश में भी आम जनता को भटकने की मजबूरी बनी हुई है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच द्वारा दिए गए आवेदन पत्र पर जांच कराकर जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार जल्द अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**शैलेन्द्र सोलंकी, सीईओ जिला पंचायत सीधी**

# राहुल गांधी ने सदैव शिक्षा और सामाजिक न्याय को माना प्रगति का आधार : कमलेश्वर

## पूर्व मंत्री ने राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जरूरतमंद बच्चों को वितरित किये शैक्षणिक सामग्री एवं मिठाइयां

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य कमलेश्वर पटेल द्वारा सिहावल ब्लॉक के ग्राम हिनौती एवं बहरी ब्लॉक के ग्राम अमहिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गरीब, जरूरतमंद, अल्प संख्यक, जनजातीय, दलित एवं गरीब बच्चों के साथ आत्मीयता एवं हर्षोल्लास के साथ राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया।**



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेन, कॉपी, पेंसिल, स्कूल बैग सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। साथ ही मिठाई वितरित कर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर कमलेश्वर पटेल ने कहा कि राहुल गांधी का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन गरीबों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों, युवाओं और समाज के हर कमजोर वर्ग के अधिकारों एवं न्याय के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सदैव शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक न्याय को देश की प्रगति का आधार माना है। इसी भावना के अनुरूप बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों ने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि, यश, दीर्घायु एवं चिरायु जीवन की मंगलकामना करते हुए प्रार्थना की कि वे सदैव देश के करोड़ों गरीबों, वंचितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों की आवाज बनकर जनसेवा और न्याय के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें।

# सहायक प्रबंधक आचार्य ने किया जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना म.प्र. के सहायक प्रबंधक प्रशांत आचार्य ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य सुरेन्द्रमणि दुबे, फार्मासिस्ट डॉ.अनुपमा त्रिपाठी की उपस्थिति में किया।**



प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण करने के पश्चात श्री आचार्य ने कहा कि आवश्यकतानुसार और दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित हो, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंसानुरुप गरीबों को सस्ती और उत्तम दवाइयां उपलब्ध हो सकें। परियोजना के सहायक प्रबंधक आचार्य ने कहा कि देशभर में 18200 से अधिक जन औषधि केन्द्र में 2000 से अधिक उच्च गुणवत्ता युक्त दवाइयां और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जन औषधि केन्द्र को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर फार्मासिस्ट सहयोगी अपर्णा तिवारी सहित कई ग्राहक उपस्थित रहे।

# डॉ.अशोक खरे ने प्रभारी सीएमएचओ का पदभार किया ग्रहण

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1131/पीएचएमई/0559/2026/17/मेडि-1 दिनांक 16/06/2026 के अनुपालन में डॉ.अशोक खरे ने आज सीधी जिले में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर उपस्थित होकर पदभार ग्रहण कर लिया।**



राज्य शासन ने प्रशासनिक आधार पर डॉ.अशोक खरे जो पूर्व में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी भितरवार ग्वालियर के पद पर पदस्थ थे, को तत्काल प्रभाव से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी के पद पर पदस्थ किया है। डॉ.खरे ने आज सीएमएचओ कार्यालय सीधी पहुंचकर कार्यभार संभाला। इस दौरान विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

पदभार ग्रहण के पश्चात डॉ.खरे ने जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.खरे ने कहा कि शासन की मंशानुसार जिले के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचानाए मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा एनसीडी, टीबी उन्मूलन व पीएमएसएमए जैसे अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता रहेगी।



# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की कार्यशाला लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती हमारी पहचान रही है और उसे पहचान को पुन: वापस लाना होगा। जैविक और प्राकृतिक खेती से जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और हमारी सेहत को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने जैविक और प्राकृतिक खेती के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि आज हम यूरिया व अन्य उर्वरकों के माध्यम से अपने शरीर के अंदर जहर डाल रहे हैं। हमारी मिट्टी बंजर हो रही है इसलिए सभी किसान धीरे-धीरे प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौटे, जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती हिंदुस्तान की पहचान रही है। अंग्रेज एवं पाश्चात्य संस्कृति के कारण हम धीरे-धीरे अत्यधिक फसल लेने के चक्कर में रासायनिक उर्वरक जमीन में डालकर जमीन को हम बंजर बनाने का गलत काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजूराम जी सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, वरिष्ठ नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, विश्वबंधु द्विवेदी, अखिलेश पाण्डेय, लोरिक यादव, प्रमोद द्विवेदी, निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, जगदम्बा सोनी, योगेन्द्र सिंह, पंकज पाण्डेय, अजय सिंह छोटू, श्रीमती अन्नू पाण्डेय, अंजनी सिंह, संतोष द्विवेदी, कृषि वैज्ञानिक एवं किसान सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### मप्र शिक्षक संघ ने टेट परीक्षा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन




**सीधी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली के आह्वान एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय निर्देश पर शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट के विरुद्ध कलेक्टर सीधी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन के नाम से 18 जून को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारतीय विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के अनुसार कोई भी नियम अथवा प्रावधान उसके लागू होने की तिथि से प्रभावी माना जाता है। ऐसे में वर्षों पूर्व तत्कालीन नियमों एवं निर्धारित पात्रताओं के आधार पर विधिवत नियुक्त शिक्षकों पर बाद में लागू किए गए मानदंडों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू करना प्राकृतिक न्याय, वैधानिक समानता एवं संवैधानिक मूल्यों की भावना के अनुरूप नहीं है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रांतीय साहित्य प्रकोष्ठ प्रमुख राजबहोर पाठक, पूर्व प्रांताध्यक्ष विजय कुमार सिंह, पूर्व संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, संभागीय उपसचिव श्री कुमार, संभागीय सदस्य सुभाष चंद्र द्विवेदी, जिला सचिव रामजी शुक्ला सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ब्लॉक एवं तहसील इकाइयों के साथ प्रतिनिधि तथा शिक्षक बंधु एवं बहने उपस्थित रहे।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यशाला आयोजित



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में वानस्पतिक विज्ञान विभाग के तत्वाधान में प्राकृतिक कृषि विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की उपयोगिता, टिकाऊ कृषि पद्धतियों तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.प्रभाकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खेती में गोबर खाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है बल्कि कृषि लागत को कम कर किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होती है। वानस्पतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.आई.पी.प्रजापति ने मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीवों की भूमिका एवं उनके संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ.राकेश सिंह ने टिकाऊ कृषि प्रणाली पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और दीर्घकालिक कृषि विकास के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को अपनाने की अपील की।

### विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत के निराकरण के लिए बैठक 25 को

**सीधी।** कार्यपालन अभियंता, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड सीधी ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण एवं उनसे संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए वृत्त स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 25 जून को प्रात: 11:30 बजे कार्यपालन अभियंता कार्यालय नौढ़िया सीधी में आयोजित होगी। बैठक में विद्युत उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं पर विचार कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि उनकी कोई शिकायत अथवा समस्या लंबित है, तो वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी बात समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ समारोह

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीधी शहर एवं सीधी नगर के तत्वावधान में जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केक काटकर तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और आमजन के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके नेतृत्व में देश में लोकतंत्र एवं जनहित के मूल्यों को और सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया। जन्मदिवस समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राहुल गांधी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री नवीन सिंह, महामंत्री जय सिंह, प्रवक्ता पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह, नगर अध्यक्ष हल्के सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी, गोविंद सिंह, दया वर्मा, रमेश साकेत, गौरी साकेत, जैनेन्द्र जायसवाल, नागेश्वर साकेत, जमुना वर्मा, सानेंद्र सिंह, जान आलम, विक्रमादित्य सिंह, दीपक सिंह, ऋषभ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बिलाल खान, अखिलेश सिंह, राम कुमार सिंह दादू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# छत्रसाल स्टेडियम में कल मनाया जाएगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। जिला प्रशासन सीधी के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को प्रात: 6 बजे से छत्रसाल स्टेडियम सीधी में किया जाएगा।**

कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा विधायक रीती पाठक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। इसके साथ ही विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक चुरहट अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# नायब तहसीलदार पर पद के दुरुपयोग का आरोप, आयुक्त रीवा से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। जिले के सुभाष नगर बनिया कॉलोनी निवासी अरुण कुमार गुप्ता ने तहसील देवसर जिला सिंगरौली में पदस्थ नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह पर पद के दुरुपयोग और अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त होने का गंभीर आरोप लगाते हुए रीवा संभाग के आयुक्त को शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।**



शिकायत के अनुसार 14 जून 2026 को नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह ने कथित रूप से अपने पद का प्रभाव इस्तेमाल करते हुए देवसर से बिना नंबर का ट्रैक्टर, बोरिंग मशीन और मजदूर बुलाकर सीधी स्थित शिकायतकर्ता की भूमि पर पहुंचकर फेंसिंग दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नलकूप खनन कराने का प्रयास किया। अरुण कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो नायब तहसीलदार के पुत्र अक्षत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की धमकी दी। मामले की सूचना कोतवाली थाना सीधी में दी गई, जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। हालांकि शिकायत कर्ता का कहना है कि पूरे घटनाक्रम के मुख्य साजिशकर्ता नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह का नाम एफआईआर में शामिल नहीं किया गया, जबकि घटना उनके निर्देशन में हुई। आयुक्त रीवा को दिए गए आवेदन में शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक राजस्व अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर निजी भूमि विवाद में हस्तक्षेप करना गंभीर मामला है। उन्होंने आशंका जताई है कि आरोपी अधिकारी अपने प्रभाव का उपयोग कर जांच को प्रभावित कर सकते हैं जिससे उन्हें न्याय मिलने में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

# महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं बल्कि विकास की सहभागी : विकास

## स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमिता, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने की कार्ययोजना पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में लखपति दीदी इनिशियेटिव अंतर्गत जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विकास मिश्रा ने की।**



बैठक का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूहों से जुड़ी संभावित लखपति दीदियों को विभिन्न विभागों के संसाधनों, तकनीकी विशेषज्ञता तथा शासकीय योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आय सृजन गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। बैठक में लखपति दीदी अभियान के अंतर्गत महिलाओं की आय बढ़ाने, स्वरोजगार के अवसर विकसित करने तथा उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ने के लिए विभागवार कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न विभागों को निर्देश दिए गए कि वे अपने संसाधनों और योजनाओं का समन्वित उपयोग करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करें। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं बल्कि विकास की सहभागी और परिवर्तन की वाहक के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उचित अवसर, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकी जानकारी और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर उद्यमी बन सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उन्हें बेहतर विपणन व्यवस्था से जोड़ा जाए। महिलाओं को स्थानीय, जिला एवं क्षेत्रीय स्तर के हाट-बाजारों सहित अन्य विपणन मंचों तक पहुंच उपलब्ध कराई जाए जिससे उत्पादों को उचित मूल्य मिल सके और आय में निरंतर वृद्धि हो। अधिकारियों ने महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, उत्पाद निर्माण, ब्रांडिंग एवं विपणन से जोड़ने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# न्यू रिंकू बीज भंडार पर कृषि विभाग की कार्रवाई, संदिग्ध धान बीज जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 जून। किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के तहत कृषि विभाग ने सीधी शहर स्थित मेसर्स न्यू रिंकू बीज भंडार, पालिका बाजार सब्जी मंडी सीधी का औचक निरीक्षण किया।**

सहायक संचालक कृषि डॉ.राजेश सिंह चौहान के नेतृत्व में किए गए निरीक्षण में प्रतिष्ठान पर धान बीज की कुछ किस्मों का भंडारण एवं विक्रय निर्धारित दस्तावेजों और स्त्रोत प्रमाण-पत्र के बिना किया जाना पाया गया। आवश्यक अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर बीज की स्थानीय स्तर पर पैकिंग एवं विक्रय की आशंका के आधार पर संबंधित धान बीज को जब्त कर लिया गया। मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत थाना कोतवाली सीधी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उप संचालक कृषि आर.एस.गुप्ता ने जिले के सभी बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं से किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने की अपील की है।

उप संचालक कृषि ने कहा कि नकली बीजों के विक्रय, अनियमित भंडारण अथवा कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।